Regarding establishment of a medical college in Khargone Parliamentary Constituency-laid

श्री गजेन्द्र उमराव सिंह पटेल **(खरगौन):** मेरा संसदीय क्षेत्र खरगौन (मध्य प्रदेश) एक जनजाति बाहुल्य क्षेत्र है। जहां पर स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव बना रहता है, जिसके कारण संसदीय क्षेत्र के मरीजों को दूर दराज के क्षेत्रों में या अन्य राज्य में आना जाना पड़ता है। मेरा माननीय मंत्री जी से सविनय आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र में एक मेडिकल कॉलेज की सुविधा उपलब्ध कराई जाए जिससे बड़वानी जिले के सभी आस पास के जनजाति बाहुल्य क्षेत्र को लाभ प्राप्त हो । जनजाति समाज द्वारा विगत कई वर्षों से मेडिकल कॉलेज की मांग की जा रही है। बड़वानी जिला जो कि आकांक्षी जिले की श्रेणी में आता है मेडिकल कॉलेज की सुविधा प्राप्त होने से जनजाति बाहुल्य क्षेत्र को समावेशी लाभ प्राप्त होगा। जिससे रोजगार एवम् स्वास्थ्य के क्षेत्र में वृद्धि होगी। जनजाति बाहुल्य समाज की मांग को शीघ्रताशीघ्र पूरा किया जाए जिससे बड़वानी जैसे आदिवासी बाहुल्य अंचल के निवासियों को लाभ प्राप्त हो सके।